## समूह क आधारिक पाठ्यक्रम के लिए राजभाषा प्रश्नावली

**हाँ /नहीं में उत्तर दीजिए -**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | अनुच्छेद 343 (1) के अनुसार संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी है। | हाँ /नहीं |
| 2. | संघ के राजकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग होने वाले अंकों का रुप भारतीय अंकों का अंतर्राष्ट्रीय रुप होगा। | हाँ /नहीं |
| 3. | संघ के राजकीय प्रयोजनों के लिए हिंदी भाषा का उत्तरोत्तर प्रयोग करने की सिफारिश गृह मंत्रालय /राजभाषा आयोग करता है। | हाँ /नहीं |
| 4. | राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 26 जनवरी , 1967 से लागू हुई है। | हाँ /नहीं |
| 5. | क क्षेत्र में गुजरात , महाराष्ट्र , पंजाब राज्य और चंडीगढ़ संघ राज्य क्षेत्र आते हैं। | हाँ /नहीं |
| 6. | केंद्रीय सरकार के सभी कार्यालयों द्वारा सभी विज्ञापन हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में साथ -साथ जारी कराना अनिवार्य है। | हाँ /नहीं |
| 7. | कोई कर्मचारी किसी फाइल पर टिप्पणी या मसौदा हिंदी अथवा अंग्रेजी में लिख सकता है। | हाँ /नहीं |
| 8. | कर्मचारी टिप्पणी हिंदी अथवा अंग्रेजी में लिखे तो उससे अपेक्षा की जाएगी कि व उसका अनुवाद दूसरी भाषा में प्रस्तुत करे। | हाँ /नहीं |
| 9. | राजभाषा नियम 1976 के नियम 6 के अनुसार मैनुअल , संहिताएं और प्रक्रिया संबंधी अन्य साहित्य , लेखन सामग्री आदि द्विभाषी रुप में मुद्रित या प्रकाशित किए जाएं। | हाँ /नहीं |
| 10. | राजभाषा नियम 1976 के नियम 7 के अनुसार कर्मचारी आवेदन , अपील या अभ्यावेदन हिंदी या अंग्रेजी में कर सकता है। | हाँ /नहीं |
| 11. | हिंदी , हिंदी टाइपिंग और हिंदी आशुलिपि की परीक्षाएं पास करने पर कर्मचारी को दी जाने वाली वेतन वृद्धि कितनी अवधि तक देय होगी। | एक /दो / तीन वर्ष |
| 12. | हिंदी टाइपिंग की परीक्षा करने पर अराजपत्रित कर्मचारियों को वैयक्तिक वेतन देय होगा। | हाँ /नहीं |
| 13. | जो कर्मचारी हिंदी , हिंदी टाइपिंग या हिंदी | हाँ /नहीं |

| | | |
|---|---|---|
| | आशुलिपि की परीक्षाएं एक साथ अथवा एक के बाद एक पास करते हैं , उन्हें प्रत्येक परीक्षा करने पर अलग -अलग वैयक्तिक वेतन देय होगा। | |
| 14. | अराजपत्रित कर्मचारियों को हिंदी आशुलिपि की परीक्षा में पास अंक प्राप्त करने पर वैयक्तिक वेतन दिया जा सकता है। | हाँ /नहीं |
| 15. | जि न कर्मचारियों ने हिंदी शिक्षण योजना के किसी भी केंद्र से कभी भी अल्पावधि के लिए भी प्रशिक्षण लिया हो , उन्हें उस प्रशिक्षण से संबंधित परीक्षा के लिए एक मुश्त पुरस्कार दिया जाएगा। | हाँ /नहीं |
| 16. | क्या अष्टम अनुसूची में अंग्रेजी भाषा भी शामिल है ? | हाँ /नहीं |



**निम्नलिखित कथनों में सही एवं गलत का चिह्न लगाएं -**

1. भारतीय अंकों के अंतर्राष्ट्रीय रुप का उपयोग सभी सरकारी प्रयोजनों के लिए किया जा सकता है।
2. अनुच्छेद 351 के अनुसार हिंदी संघ की राजभाषा है।
3. धारा 3(3) के अंतर्गत आरक्षण चार्ट आते हैं।
4. सरकारी विज्ञापन केवल अंग्रेजी में जारी किए जा सकते हैं।
5. धारा 3(3) के अंतर्गत आने वाले दस्तावेजों को द्विभाषी रुप में जारी करवाने के लिए कार्यालय का प्रशासनिक प्रधान व्यक्तिगत रुप से जिम्मेदार होता है।
6. केंद्रीय सरकार के उपक्रमों पर संघ की राजभाषा नीति लागू ह ोती है।
7. अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह ख क्षेत्र के अंतर्गत आता है।
8. हिंदी में हस्ताक्षरित अंग्रेजी में दिए गए आवेदन , अपील तथा अभ्यावेदन के उत्तर हिंदी में दिए जाने चाहिए।
9. क क्षेत्र में स्थित केंद्रीय सरकार के कार्यालयों के बीच हिंदी में पत्राचार कि ए जाने चाहिए।
10. हिंदी में हस्ताक्षरित अंग्रेजी पत्रों के उत्तर हिंदी में नहीं दिए जा सकते हैं।
11. हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान रखने वाला कर्मचारी हिंदी पत्र का अंग्रेजी अनुवाद नहीं मांग सकता है।

12. हिंदी में प्रवीणता प्राप्त कर्मचारियों को विनिर्दिष्ट प्रयोजनों के लिए हिंदी का प्रयोग करने के लिए बाध्य किया जा सकता है ।

13. हिंदीतरभाषी क्षेत्रों में स्थित केंद्रीय सरकार के कार्यालयों में रबड़ की मोहरें तीन भाषाओं में बनवाई जानी चाहिए ।

14. फॉर्म केवल अंग्रेजी में बनवाए जा सकते हैं।

15. केंद्रीय सरकार के अधिसूचित कार्यालयों में टिप्पण तथा आलेखन में केवल हिंदी का प्रयोग किया जाना अपेक्षित है।

16. सभी वर्गों में केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों के लिए हिंदी का प्रशिक्षण अनिवार्य है।

17. क क्षेत्र में स्थित केंद्रीय सरकार के कार्यालयों से क तथा ख क्षेत्र में स्थित केंद्रीय सरकार /राज्य सरकार के कार्यालयों को अंग्रेजी में पत्र भेजे जा सकते हैं ।

18. परिपत्र सामान्य आदेश की परिभाषा के अंतर्गत आता है ।

19. क तथा ख क्षेत्र के स्टेशनों के लिए केवल हिंदी में पास /पीटीओ जारी किए जा सकते हैं।

20. मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की प्रत्येक महीने बैठक होती है।

21. संघ की राजभाषा नीति के समन्वय का कार्य गृह मंत्रालय का राजभाषा विभाग करता है।

22. हिंदी के प्रगामी प्रयोग के संबंध में राजभाषा विभाग प्रतिवर्ष वार्षिक कार्यक्रम जारी करता है।

23. हिंदीतरभाषी राज्यों में स्थित केंद्रीय सरकार के कार्यालयों को हिंदी में पत्र नहीं भेजे जा सकते।



24. जिन कार्यालयों के 80% या अधिक कर्मचारियों को हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान है , उन्हें अधिसूचित किया जा सकता है।

25. सभी कंप्यूटरो ं का द्विभाषी रुप में कार्य करने योग्य बनाया जाना अनिवार्य है।

26. विभागीय परीक्षाओं के सभी प्रश्न -पत्रों का द्विभाषी रुप में बनवाया जाना अनिवार्य नहीं है।

27. संघ की राजभाषा नीती के कार्यान्वयन के लिए जांच बिंदु स्थापित करना रेलवे बोर्ड का दायित्व है।

28. नाम बैज केवल अंग्रेजी में बनवाए जा सकते हैं।

29. संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप समिति रेल कार्यालयों का निरीक्षण करती है।

**निम्नलिखित वाक्यों को उचित शब्द भरकर पूरा कीजिए -**

1. रेल मंत्रालय तथा इसके संबद्ध कार्यालयों में हिंदी के पुनरीक्षण का कार्य -------------- उप समति की करती है।
2. राजभाषा नीति के अनुपालन के लिए राजभाषा नियम 1976 के अनुसार देश भर में --------- तथा ------- क्षेत्र बनाए गए हैं।
3. दिल्ली और आगरा ----------- क्षेत्र में स्थित हैं।
4. मुंबई तथा सूरत ----------- क्षेत्र में स्थित हैं ।
5. कानपुर तथा सूरत ----------- क्षेत्र में स्थित हैं।
6. अंडमान निकोबार द्वीप समूह संघ राज्य ----------- क्षेत्र में स्थित हैं।
7. वार्षिक कार्यक्रम के कार्यान्वयन में सहायता देने के लिए तथा तत्संबंधी समीक्षा करने के लिए राजभाषा विभाग के क्षेत्रीय कार ्यान्वयन कार्यालय - दिल्ली , -----------, ----------, -----------, --------- तथा भोपाल में खोले गए हैं।
8. आलोच्य वर्ष के वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार क क्षेत्र में स्थित केंद्रीय सरकार के मंत्रालयों /विभागों /कार्यालयों आदि में कार्यरत अधिकारी , कर्मचारी हिंदी में -------- % टिप्पणी लिखेंगे।
9. आलोच्य वर्ष के वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार ख क्षेत्र में स्थित केंद्रीय सरकार के मंत्रालयों /विभागों /कार्यालयों आदि में कार्यरत अधिकारी , कर्मचारी हिंदी में -------- % टिप्पणी लिखेंगे।
10. आलोच्य वर्ष के वार्षिक कार्यक्र म के अनुसार ग क्षेत्र में स्थित केंद्रीय सरकार के मंत्रालयों /विभागों /कार्यालयों आदि में कार्यरत अधिकारी , कर्मचारी हिंदी में -------- % टिप्पणी लिखेंगे।

11. क क्षेत्र में स्थित केंद्रीय सरकार के कार्यालयों से ख क्षेत्र में स्थित केंद्रीय सरकार के कार्यालयों को भेजे जाने वाले पत्राचार का प्रतिशत ------ है।

12. क क्षेत्र में स्थित केंद्रीय सरकार के कार्यालयों से ग क्षेत्र में स्थित केंद्रीय सरकार के कार्यालयों को भेजे जाने वाले पत्राचार का प्रतिशत ------ है।

13. राजभाषा नियम 1976 का अधिकार क्षेत्र ---------- राज्य के सिवाए संपूर्ण भारत पर है।

14. कर्मचारी द्वारा आवेदन या अपील अंग्रेजी में लिखी गई हो , किंतु उस पर हिंदी में हस्ताक्षर किए गए हों तब उसका उत्तर ------------ में दिया जाएगा।

15. राजभाषा नियम 1976 के नियम 8 (2) के अनुसार हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान रखने वाला कर्मचारी हिंदी में किसी दस्तावेज की अंग्रेजी में मांग तभी कर सकता है , जब वह दस्तावेज ---------- या -------------- प्रकृति का हो।

16. राजभाषा नियमों तथा अधिनियमों के उपबंधों का समुचित रुप से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कार्यालय का ---------- उत्तरदायी होता है।

17. क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष ---------- और उपाध्यक्ष ------- होते हैं।

18. क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य सचिव --------- होते हैं।

19. रेल राजभाषा सलाहकार समिति का अध्यक्ष ------- होता है।

20. मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष -------------------------- होते हैं ।

21. अंग्रेजी आशुलिपिक को निर्धारित मात्रा में हिंदी में कार्य करने पर ----------रूपये का प्रोत्साहन भत्ता देय है।

22. अधिकारियों को हिंदी में अधिकाधिक डिक्टेशन देने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु पुरस्कार योजना के तहत एक हिंदी भाषी तथा एक अहिंदी भाषी रेल अधिकारी को दिए जाने वाले पुरस्कार की राशि रूपये --------------------है ।

23. हिंदी में प्रशंसनीय कार्य करने के लिए रेलवे बोर्ड की व्यक्तिगत नकद पुरस्कार योजना में पुरस्कार की राशि रूपये -----------------है ।

24 संसदीय राजभाषा समिति में कुल ----------- सदस्य होते हैं ।

25. रेल मंत्री हिंदी निबंध प्रतियोगिता में निबंध ------------------------------------------- विषय पर लिखा जाता है ।

26. मंडलों पर हिंदी कार्य का प्रशासनिक नियंत्रण देखने वाले अधिकारी को ----------------------------- पदनाम से जाना जाता है ।

27. संविधान की अष्टमी अनुसूची में कुल --------- भाषाएं हैं ।

28. राजभाषा विभाग ,गृहमंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम की अवधि ----------------------- होती है ।

**संक्षिप्त टिपप्णियां लिखिए -**

1. क ) रेल सप्ताह . ख ) धारा 3(3)
2. हिंदी सप्ताह कब और क्यों मनाया जाता है ?
3. भारतीय रेल पर राजभाषा संगठन के स्वरु प का उल्लेख कीजिए।
4. क , ख तथा ग क्षेत्रों के लिए निर्धारित जांच बिंदुओं का उल्लेख कीजए।
5. राजभाषा नियमों के अनुपालन की जिम्मेदारी किसकी होती है ?
6. कर्मचारी से क्या अभिप्रेत होता है ?
7. अधिसूचित कार्यालय से क्या अभिप्रेत है ?
8. हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान स े क्या अभिप्रेत है ?
9. हिंदी में प्रवीणता से क्या अभिप्रेत है ?
10. नियम 8 (4) से आप क्या समझते हैं ?
11. अराजपत्रित हिंदी पदों के नाम लिखिए ?
12. सामान्य आदेश की परिभाषा दीजिए तथा इसके अंतर्गत आने वाले किन्हीं 6 दस्तावेजों के नाम बताइए ?
13. मूल पत्राचार से क ्या अभिप्राय है ? संक्षेप में बताइए।
14. अनुच्छेद 350 के अनुसार किसी व्यथा के निवारण के लिए संघ या राज्य का पदाधिकारी

संघ या राज्य में प्रयुक्त होने वाली भाषा में अभ्यावेदन दे सकता है।

15. संसदीय राजभाषा समिति से आप क्या समझते हैं ।

**********